दिनांक : 24.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा – क्षय रोग आज भी एक गंभीर जन स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री आज सौ दिन – टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करेंगे।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने मरीन हिल सर्किट हाउस पुनर्विकास परियोजना का निरीक्षण कर इसे सर्वश्रेष्ठ श्रेणी सुविधा के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया।
- सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक पुलिस स्टेशन ने एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर की शुरूआत की।
- डीजीपी कप टी–20 लीग–कम–नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन–4) का कल शुभारंभ किया गया।

<><><><><><><>

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि क्षय रोग आज भी एक गंभीर जन स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है और विश्व में लाखों लोग इससे प्रभावित हैं। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज सौ दिन – टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करेंगे। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में श्री नड्डा टीबी मुक्त भारत ऐप और टीबी मुक्त शहरी वार्ड पहल का भी शुभारंभ करेंगे।

<><><><><><><>

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने क्षय रोग के विरुद्ध सामूहिक लड़ाई में द्वीप प्रशासन की प्रतिबद्धता जताई है। इस वर्ष का विषय 'हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं– भारत के नेतृत्व में, जनभागीदारी से सशक्त' रखा गया है। उप–राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष 'टीबी मुक्त पंचायत अभियान' के तहत 38 पंचायतों और 18 जनजातीय गांवों ने 'टीबी–मुक्त' होने का दर्जा हासिल किया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने विशेष रूप से दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों में निदान, उपचार और जागरूकता को मजबूत किया है और आधुनिक मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स तथा पोर्टेबल एक्स–रे सुविधाओं का विस्तार किया है। स्वास्थ्य पेशेवर, आशा कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वयंसेवक सक्रिय रूप से मामलों की खोज, पोषण सहायता और जागरूकता अभियानों के माध्यम से समय पर उपचार सुनिश्चित कर रहे हैं। इसमें 'निक्षय मित्रों' का सराहनीय योगदान एक टीबी–मुक्त भविष्य की दिशा में अनिवार्य कदम है। उप–राज्यपाल ने सभी वर्गों के संस्थानों और व्यक्तियों से आगे आकर इस नेक कार्य में अपना सहयोग देने की अपील की है।

<><><><><><><>

विशव क्षय रोग दिवस आज मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में राज्य क्षय रोग इकाई की ओर से हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। देश, के नेतृत्व में, समुदायों के सहयोग से विषय पर टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आज दिन में 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न स्कूलों– कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के हिस्से के रूप में कल लोक निवास में बिहार का स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में अंडमान में रह रहे बिहार मूल के व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान एक संवाद और अनुभव–साझाकरण सत्र आयोजित किया गया, जहाँ प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए। बिहार के स्थापना दिवस के महत्व और राज्य की संस्कृति को दर्शाने वाली एक लघु वृत्तचित्र भी दिखाई गई।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने मरीन हिल सर्किट हाउस की प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना का क्षेत्रीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान, उपराज्यपाल को परियोजना के पुनर्विकास से संबंधित एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उपराज्यपाल ने इस परियोजना को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी सुविधा के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। भवन निर्माण में 'ग्रीन बिल्डिंग' मानदंडों का पालन करने के साथ–साथ बेसमेंट में वर्षा जल संचयन और छत पर सौर पैनल लगाना अनिवार्य किया गया है। उप–राज्यपाल ने इस परियोजना को 'मिशन मोड' के तहत 18 महीनों के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया।

<><><><><><>

पारदर्शिता, सुगमता और सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक पुलिस स्टेशन ने एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर 9531822221 शुरू करने की घोषणा की है। नागरिक इस नंबर पर सीधे बातचीत के लिए वॉयस कॉल कर सकते हैं या वॉट्सऐप के माध्यम से संदेश भेज सकते हैं। वॉट्सऐप के जरिए टेक्स्ट मैसेज, फोटो, दस्तावेज या भ्रष्टाचार से संबंधित अन्य प्रासंगिक सबूत भी भेजे जा सकते हैं। विभाग ने नागरिकों से कहा है कि वे अपनी शिकायतें लैंडलाइन नंबर या मेल के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से डीजीपी कप टी–20 लीग–कम–नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन–4) का आयोजन आईआरबीएन मुख्यालय, पोर्ट मोट क्रिकेट मैदान और नेताजी स्टेडियम में किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में कुल 36 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट की शुरूआत कल BB XI और ट्रैवल मेनिया के बीच एक रोमांचक उद्घाटन मैच के साथ हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए BB XI ने 210 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रैवल मेनिया की टीम 169 रन ही बना सकी। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं के बीच अनुशासन और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना, युवाओं को रचनात्मक कार्यों में शामिल करना तथा पुलिस व जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना है।

<><><><><><>

शहीद दिवस के अवसर पर, 'माई भारत', श्री विजय पुरम ने टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सहयोग से "माई भारत मेरी जिम्मेदारी" विषय के तहत पदयात्रा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना, राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति को मजबूत करना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान की दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में शहीदों के बलिदान को याद रखने के महत्व पर जोर देते हुए राष्ट्र निर्माण, नागरिक जिम्मेदारी और समाज में एकता व अनुशासन बनाए रखने में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। छात्रों और स्वयंसेवकों सहित कुल 150 युवाओं ने इस पदयात्रा में भाग लिया।

<><><><><><>

यूटी स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में, दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति ने लिटिल अंडमान में दो प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य आउटरीच शिविरों का आयोजन किया। यह पहल स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान और पिलर हेल्थ सेंटर के समन्वय से जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षा पूर्वा गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविरों के दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों की चिकित्सीय जांच की गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने दोनों पीएचसी और उनके उप–केंद्रों की जन आरोग्य समितियों के प्रभारियों और सदस्यों के साथ स्वास्थ्य योजनाओं के कार्यान्वयन, वार्षिक अनुदान के उपयोग और उप–केंद्रों के दौरे पर चर्चा की। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने इस माह के अंतिम सप्ताह में स्वराज द्वीप में इसी तरह का आउटरीच शिविर आयोजित करेगी।

<><><><><><>

रंगाचांग स्थित श्री शक्ति अंगाला परमेश्वरी मंदिर में 35वां पंगुनी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन पूजा–अर्चना के कार्यक्रम चल रहे हैं। इस सिलसिले में आज दोपहर दो बजे से श्री शिवन मंदिर से लेकर श्री शक्ति अंगाला परमेश्वरी मंदिर तक श्रद्धालु कावड़ी लेकर यात्रा करेंगे। इसके बाद आग पर चलकर अपनी भक्ति का प्रदर्शन भी करेंगे। भक्तों के लिए आज और कल अन्नदानम की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><>

राज्य परिवहन विभाग, कैंपबेल बे में कल एक निशुल्क 'फोर–व्हीलर ड्राइविंग स्कूल' का उद्घाटन किया गया। ड्राइविंग स्कूल का उद्घाटन क्षेत्र के सहायक आयुक्त श्याम ताशी धावा ने किया। इस अवसर पर कैंपबेल बे की प्रधान रामेश्वरी, परिवहन विभाग के कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो महीने तक चलेगा। यह स्कूल विशेष रूप से ग्रेट निकोबार के अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए शुरू किया गया है।

<><><><><><>